मे "निगेटिव इंडस्ट्रीयल ग्रोथ फियर्ड" शीर्षक के अन्तर्गत प्रकाशित समाचार की ओर दिलाया गया है ;

(ख) यदि हा, तो चालू वित्तीय वर्ष के पहले छ महीनो के दौरान औद्योगिक विकास की अनुमानित दर क्या है ;

(ग) क्या सरकार ने इस सम्बन्ध मे विशेष प्रोत्साहन देकर आगामी महीनो मे औद्योगिक विकास की दर मे वृद्धि करने का निर्णय लिया है, और

(घ) यदि हा, तो इस सम्बन्ध मे दिए जाने वाले प्रोत्साहन का ब्यौरा क्या है ?

**प्रधान मंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री (श्री कमल मोरारका)** (क) 24 दिसम्बर, 1990) के इडियन एक्सप्रेस मे "नैगेटिव इंडस्ट्रियल ग्रोथ फीयर्ड" शीर्षक से प्रकाशित समाचार मे यह विचार व्यक्त किया गया है कि पेट्रोलियम उत्पादों की कमी के कारण तीसरी तिमाही (अक्तूबर–दिसम्बर, 1990 में औद्योगिक विकास भी नकारात्मक हो सकता है ।

(ख) सी एस० ओ० द्वारा संकलित औद्योगिक उत्पादन सूचकांक के अनुसार अप्रैल-सितम्बर, 1990 के दौरान कुल मिलाकर विकास दर 11.7 प्रतिशत थी।

(ग) और (घ) सरकार अधिक उदार लाइसेंस नीति बनाकर प्रक्रिया संबंधी बाधायें हटाकर तथा राजसहायता व रियायती वित्त उपलब्ध कराके औद्योगिक विकास में और गति लाने के लिए अनेक उपाय करती रही है। औद्योगिक विकास की गति को बनाए रखने के उद्देश्य से उद्योग को मूलभूत कच्चे माल की पर्याप्त एवं उचित समय पर आपूर्ति सुनिश्चित करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

**Ayodhya incident**

1531 SHRI PRAKASH YASHWANT AMBEDKAR Will the PRIME MINISTER be pleased to state

(a) whether there was any understanding between the paramilitary forces/District Magistrate of Faizabad and the Kar-Sewaks that the Kar Sewaks should be allowed to climb the Babri Masjid; and

(b) what action Government have taken in the matter?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS AND THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF INFORMATION AND BROADCASTING (SHRI SUBODH KANT SAHAY): (a) No such report has been received by the Government.

(b) Does not arise.

**खादी और ग्राम उद्योगों में कार्यरत कर्मकारों को न्यूनतम मजदूरी**

1532. **श्री राम जेठमलानी** क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि लगभग 43 लाख कर्मकार खादी और ग्राम-उद्योगों में रोजगार के माध्यम से अपनी आजीविका का अर्जन कर रहे हैं ;

(ख) यदि हां, तो क्या यह भी सच है कि इस क्षेत्र में नियोजित इन कुशल और अकुशल कर्मकारों को सरकार द्वारा नियत न्यूनतम मजदूरी भी नही मिल पा रही है ;

(ग) यदि हा, तो सरकारी अनुमान के अनुसार खादी क्षेत्र में नियोजित कर्मकारों की वार्षिक आय क्या है ;

(घ) क्या यह भी सच है कि खादी क्षेत्र मे निर्मित सामान का अन्य-अन्य देशो को निर्यात किया जाता है और गत वर्षों के दौरान निर्यात मे भी निरन्तर वृद्धि हुई है; और

(ङ) यदि हा, तो इन कर्मकारो को निर्धारित न्यूनतम मजदूरी दिलाने के लिए सरकार क्या कारगर उपाय करने का विचार रखती है ?

**श्रम मंत्रालय में राज्य मंत्री और कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री रामजीलाल सुमन)** : (क) जी, हा।